HI

निर्माता द्वारा सूचना दायक टिप्पणी

सामान्य उपयोग हेतु धूप की ऐनक

यह धूप की ऐनक 2016/425 *(ई॰यू॰)* विनियम के अंतर्गत निर्धारित सुरक्षा की आवश्यक अपेक्षाओं के अनुसार हैं व ये इ॰एन॰ आइ॰एस॰ओ *1*2312-1:2022 मानक के अनुकूल भी हैं

उपयोग क्षेत्र -

यह धूप की ऐनक सूर्य के प्रकाश के प्रभावन से आँखों में उत्पन्न हुए घावों *(*जो कि सूर्य की ओर देखने के कारण आँखों में उत्पन्न हुए घावों से भिन्न हैं*)* से रक्षा करती है।

प्रतिबंधित उपयोग

- सूर्य को सीधा देखने अथवा सूर्य ग्रहण का अवलोकन करने हेतु उपयोग के लिए नहीं हैं
- कृत्रिम प्रकाश के स्रोतों से सुरक्षित रखने के लिए नहीं हैं *(*उदाहरण - सोलारिया*)*
- नेत्रों को आघातों के जोखिम से सुरक्षित रखने के लिए नहीं हैं। आघात होने या चोट करने की स्थिति में ऐनक टूट सकती है जिस के कारण चेहरे पर व आँखों में घाव हो सकते हैं।
- रात के समय अथवा कम दृश्यता की परिस्थितियों में वाहन चलाने के लिए अनुपयुक्त।

प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रकाश व चकाचौंध के प्रति संवेदनशीलता में भिन्न होती है, विशेषतः अधिक उज्ज्वल परिस्थितियों में, जैसे कि बर्फ या हिम पर, समुद्र के तट पर अथवा खुले समुद्र की सतह पर, किन्तु यह ध्यान में रखा जाना चाहिए कि अधिक साफ या हल्के फिल्टर, श्रेणी *0* व *1*, दृश्य स्पेक्ट्रम या दायरे में सौर विकिरणन को निम्न मात्रा में कम करते हैं, जबकि यू॰वी॰ - पराबैंगनी - स्पेक्ट्रम या दायरे में उच्चतम बचाव सुनिश्चित करते हैं।

देखरेख व भंडारण

यह धूप की ऐनक *-10* व *+35* डिग्री सेल्सियस *(°C)* के बीच के तापमान में रखी जानी चाहिए। जिस समय ऐनक का उपयोग नहीं कर रहे हों व किसी स्थान पर ले जाते समय धूप के चश्मे को मूल डिब्बे में ही रखना चाहिए। ऐसे बंद स्थान जो वातानुकूलित नहीं होते हैं *(*उदाहरण - मोटरगाड़ी का डैशबोर्ड या नियंत्रण- पट्ट*)* में सूर्य के प्रभावन से बचाएँ क्योंकि इन परिस्थितियों में तापमान जिस स्तर पहुँच सकता है उन से ऐनक की प्रकार्यात्मकता को हानि हो सकती है। सौर फिल्टर के घिसने छीजन व टूट-फूट *(*उदाहरण खरोंच, धुँधला होने*)* की स्थिति में बदलने हेतु केवल असली अतिरिक्त या स्पेयर पुर्ज़ों का उपयोग करें।

सफ़ाई

एक गीला कपड़ा व सामान्य न्यूट्रल या निष्प्रभावी साबुन का उपयोग करें और एक स्वच्छ मुलायम कपड़े द्वारा सुखाएँ। ऐसे किसी विलायक या सॉल्वैंट *(*उदाहरण - अल्कोहल और एसीटोन*)* व उग्र आक्रामक रासायनिक साबुन के उपयोग से बचें जिन से ऐनक की प्रकार्यात्मकता ख़राब हो सकती है।

चिह्न

चिह्न व उपसाधन - ऐनक की डंडी के भीतरी भाग पर मॉडल का पहचान सूचक चिह्नित है। लेंस की श्रेणी का विवरण सूचना दायक टिप्पणी के पिछले भाग पर है।

आपकी ऐनक के फिल्टर की श्रेणी का विवरण यहाँ नीचे दिया गया है और इस सूचना दायक टिप्पणी की टेबल या सारणी में इसका उल्लेख है *(*)* -

0 सूर्य के प्रकाश में अत्यंत मामूली या सीमित कटौती

1 सूर्य के प्रकाश में मामूली या सीमित कटौती

2 सूर्य के प्रकाश से अच्छा बचाव

3 सूर्य के प्रकाश से उच्चतम बचाव

4 सूर्य के अत्यधिक तीव्र प्रकाश, जैसे कि समुद्र, हिम या बर्फ़, पर्वत अथवा मरुस्थल या रेगिस्तान से बहुत अधिक बचाव। सड़क पर व वाहन चलाने हेतु अनुपयुक्त।

इस सूचना दायक टिप्पणी को 2016/425 *(ई॰यू॰)* विनियम संलग्न 2 पैरा 1.4 की अनुरूपता के अंतर्गत तैयार किया गया है

उत्पाद की अनुरूपता की सी॰ई॰ घोषणा निम्नलिखित पते पर उपलब्ध है -

www.original-vintage.com